प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। हर वर्ष बारह जनवरी को आध्यात्मिक गुरू, दार्शनिक और चिंतक स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा है, जो उन्हें निरंतर शक्ति प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार स्वामी विवेकानंद के विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए वचनबद्ध है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर संदेश के माध्यम से स्वामी विवेकानंद को नमन किया।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे। श्री मोदी देशभर के तीन हज़ार युवाओं के साथ संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा है कि विकसित भारत युवा नेता संवाद देश के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में शामिल करने की एक अनूठी पहल है। युवा दिवस पर आज जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 13 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों के लिए  नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। ये नियुक्तियां चिकित्सा विभाग, वित्त, गृह, राजस्व और शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर दी जाएंगी। मुख्यमंत्री 31 हजार करोड़ रुपये के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल भी मौजूद रहेंगे। जिलों में भी रोजगार उत्सव आयोजित किये जा रहे है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवा समाज के सबसे बडे स्तम्भ है और स्वामी विवेकानंद का संदेश प्रत्येक युवा तक पंहुचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के मन में दृढ संकल्प शक्ति होती है वह निश्चित अपने सपनो को साकार करता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 युवाओं को यूथ आइकन अवॉर्ड्स दिये। मुख्यमंत्री ने युवा साथी केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हमारे देश और प्रदेश का युवा अपना लक्ष्य हांसिल करने के लिए किसी भी सीमा से बंधा हुआ नहीं है।

..........

समारोह में राज्य मंत्री के.के. विश्नोई और सचिव नीरज के पवन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश मे बीते 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि दर्ज की गई। कई इलाको में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा और कुछ स्थानों पर शीत से अतिशीत दिन भी दर्ज किया गया। राज्य में अधिकतर जिलो का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस के आस–पास बना रहा। सबसे कम 6 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तापमान जैसलमेर में रिकॉर्ड हुआ। राजधानी जयपुर सहित बारां, झालावाड़ और बाडमेर में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता कम होने के कारण आवागमन बाधित रहा। जयपुर में सुबह से घने बादल छाये हुए है। हनुमानगढ़ में बारिश के साथ शीतलहर चलने से ठिठुरन बढ गई है, इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। चूरू में रात को बारिश हुई। इस दौरान बिजली गिरने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मौसम विभाग के अनुसार

आगामी दिनों में सर्दी का असर और बढ सकता है। साथ ही 14 जनवरी से एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' इस बार 19 जनवरी को होगा। आकाशवाणी से ये कार्यक्रम दस वर्ष से भी अधिक समय से प्रसारित हो रहा है। इस महीने इसकी 118वीं कड़ी होगी।

..........